प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन भरने का आज आखिरी दिन है। नामांकन दोपहर तीन बजे तक दाखिल किये जा सकेंगे। इस चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर चुनाव होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस बीच, प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ नामांकन भरने पहुंच रहे हैं। प्रत्याशियों के समर्थन में उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता जनसभाएं कर रहे हैं। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भीलवाड़ा में पार्टी प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आयोजित सभा में पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री का बांसवाड़ा से पार्टी उम्मीदवार महेंद्रजीत मालवीय के समर्थन में भी जनसभा करने का कार्यक्रम है। इसके बाद मुख्यमंत्री उदयपुर के लिए रवाना होंगे। इधर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज जालौर से पार्टी प्रत्याशी और उनके पुत्र वैभव गहलोत की नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी संबोधन देंगे।

चितौड़गढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना भी आज नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद रहेंगे। उधर, बांसवाड़ा की बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा के सुभाष तंबोलिया ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया।

000

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर फैलाये जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया, जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं। आयोग ने लोगों से जागरुक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने के साथ प्रामाणिक जानकारी के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा है।

000

कांग्रेस प्रवक्ता और उदयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे गौरव वल्लभ ने आज पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे इस्तीफे में श्री वल्लभ ने कहा है कि पार्टी जिस दिशाहीन रास्ते पर आगे बढ़ रही है, उसमें वह अपने आपको असहज महसूस कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी ने पूर्व सांसद संजय निरुपम को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों के बाद छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एक प्रेस नोट में बताया कि श्री खड़गे ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों पर विचार करने के बाद श्री निरुपम को निष्कासित किया है।

000

भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक विवेक धाकड़ ने आज अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। श्री धाकड़ भीलवाड़ा में अपने आवास पर अचेत अवस्था में मिले थे। परिजनों ने उन्हें महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत आज जैसलमेर में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने पुलिसकर्मियों को अवश्य मतदान की शपथ दिलाई। जिले के सभी पुलिस थानों में मतदाता जागरुकता की शपथ ली गई। शाहपुरा में पंचायत समिति कार्यालय में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को मतदान का महत्व बताया गया।

000

दशा माता का पर्व आज श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। सुहागिनें दशा माता की पूजन अर्चना कर रही हैं। इस अवसर पर पाली के बड़ी ब्रह्मपुरी के महालक्ष्मी मंदिर में महिलाएं कच्चे सूत के धागे से पीपल का पूजन कर दशा माता की कथा सुन रही हैं और परिवार की सुख समृद्धि की कामना कर रही हैं। डूंगरपुर में महिलाओं ने सुबह माता को प्रसाद चढाया। शाहपुरा जिले में भी महिलाएं नये वस्त्र और आभूषण पहन कर पीपल की पूजा कर रही हैं और दशा माता की कहानी सुनकर भोग अर्पित कर रही हैं।

000